हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 28 अप्रैल 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 शादी मंडप के नाम पर पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर



## कोरिया जिले के पटना पहुंचे सीएम साय, लोकसभा प्रत्याशी सरोज के पक्ष में ली चुनावी सभा

# डबल इंजन की सरकार से सांय-सांय होगा विकासः विष्णुदेव



चुनावी सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते श्री साय।



सभा में उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना स्थित स्टेडियम में शनिवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लेकर कहा कि तीसरी बार उन्हें फिर चुनना है, जिससे कि मोदी की गारंटी के सभी काम डबल इंजन सरकार में सांय-सांय होंगे, वहीं कांग्रेस को वादा खिलाफी करने के साथ प्रदेश को अपराध एवं भ्रष्टाचार का गढ़ बनाने वाला कहा।

- नगर पंचायत झगराखण्ड के अध्यक्ष रजनीश पाण्डेय भाजपा में शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आमसभा को सरगुजिहा बोली में संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में आगामी 7 मई को मतदान होना है, इस दिन सभी को देश के लिए, मोदी के लिए वोट डालना है और दूसरों को भी डलवाना है। थोड़ा धूप सहन तो करना होगा। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी पर विश्वास करके भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय को ऐतिहासिक विजय दिलाना है। सीएम श्री साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिस तरह सरगुजा संभाग में कांग्रेस का सुपड़ा साफ किया है,वे कार्यकर्ता अब तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाना है। श्री साय ने कहा कि ऐसा प्रधानमंत्री जो गरीब का बेटा है, जो देश के 140 करोड़ जनता को अपना बेटा मानते हैं, मोदी जी देश के गांव गरीब सबका चिंता करने वाले हैं। उन्होंने भारत का मान सम्मान बढ़ाया है। कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें राजनीति का लंबा अनुभव है,अबकी बार उन्हें ही मौका देना है, जिससे कि मोदी की गारंटी के काम सांय सांय हो रहा है। वैसा ही विकास कोरबा लोकसभा संसदीय क्षेत्र का विकास होगा। सीएम श्री साय ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग 1 लाख के लिए फार्म भरवा रहे हैं, कहां से देंगे। कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गया है, इसलिए जनता के बीच गलत फहमी फैला रहे हैं कि मोदी आएंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे, संविधान बदल देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में 80 बार संविधान संशोधन हुआ है। जब तक मोदी सरकार है तब तक आरक्षण खत्म नहीं होगा, संविधान में कोई छेड़छाड़ नहीं होगा। श्री साय ने उपस्थित आम जनता से कहा कि बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक भईयालाल राजवाड़े को 25 हजार वोट से जिताए थे तो लोकसभा में सुश्री सरोज पाण्डेय को कम से कम 50 हजार की लीड यहां से होनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाडे एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर कोरबा लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डे, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाडे, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, विनोद साहू, जवाहरलाल गुप्ता, रविशंकर शर्मा, शैलेष शिवहरे, ⏭ शेष पेज 4 पर



### नगर पंचायत अध्यक्ष सहित दर्जनों ने किया भाजपा प्रवेश

मुख्यमंत्री की आम सभा में एमसीबी जिले के नगर पंचायत झगराखांड़ अध्यक्ष रजनीश पाण्डेय कुछ पार्षदों के साथ भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ली, इसके अलावा कोरिया जिले के कुछ सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कई लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया, जिनका माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### कोरबा लोकसभा को विकसित करने की जरूरतः सरोज

कोरबा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम 2047 के विकसित भारत के लिए विगत 10 वर्षो से लगातार मेहनत कर रहे हैं और इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन से शुरूआत हुई और लगातार कई योजना बनी, इसमें शौचालय निर्माण, जनधन खाते, आयुष कार्य योजना बनाए गए, जिससे कि 2047 तक विकसित भारत की कल्पना को साकार किया जाए, तमाम तरह की सुविधाओं से देश लवरेज हो, इससे जनता को सुलभ तरीके से सुविधाएं मिल सके। सुश्री सरोज पाण्डेय ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि पांच साल में कांग्रेस की सरकार ने गरीबों के लिए पीएम ने 18 लाख मकान बनाने के लिए भेजी, लेकिन पूर्व सीएम ने क्षेत्र की जनता के लिए पैसा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र को भी विकसित करने की आवश्यकता है। आजादी के इतने अंतराल में कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन क्षेत्र में विकास दिखाई नहीं दी। उन्होंने क्षेत्र के सांसद का नाम लिए बिना कहा कि पांच वर्षों में कहीं नहीं गई, लोगों के सुख-दुख में भाग नहीं लेती।

### महतारी वंदन योजना कभी बंद नहीं होगी

पटना में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के बीच में यह बात फैलाई जा रही है कि चुनाव तक ही महतारी वंदन का पैसा मिलेगा। श्री साय ने स्पष्ट किया कि महतारी वंदन योजना कभी बंद नहीं होगा, हर महीने के पहले सप्ताह में रुपए खाते में डाल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग एक लाख के लिए फार्म भरवा रहे हैं, कांग्रेस नहीं देगी। न नौ मन तेल होगा ना राधा नाचेगी। कांग्रेस वोट के लिए कर रही है सतर्क रहना है।

### मोदी की गारंटी 2024 में और अच्छा काम

सीएम श्री साय ने मोदी की गारंटी 2024 में और अच्छा काम करने की बात करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने 12 लाख से ज्यादा किसान को बोनस की राशि दी है,145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों को साढ़े पांच हजार मानक बोरा के हिसाब से घोषणा बोनस भी देंगे। चरण पादुका योजना, स्कॉलरशिप, प्रोत्साहन की राशि फिर से चालू होगा। रामलला दर्शन सरकारी पैसा में शुरू हो गया है। घोषणा पत्र में जो संकल्प है सायं-सायं पूरा होगा।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव जिले में आज



**बैकुण्ठपुर।** कोरबा लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत के चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए भारतीय राष्टीय कांग्रेस के सचिव डॉ.चंदन यादव 28 अप्रैल को कोरिया जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान डॉ. यादव कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से राजीव भवन में मुलाकात करेंगे, साथ ही दोपहर 2 बजे जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में प्रेसवार्ता को संबोधित कर अपनी बातें रखेंगे।

### अकेले घूम रहे दंतैल को पहुंचाया गया जंगल

**अम्बिकापुर।** शहर के निकट कुल्हाड़ी जंगल में पिछले 10 दिनों से अकेले भ्रमण कर रहे दंतैल को वन विभाग ने कुमकी हाथियों की मदद से दूसरे जंगल पहुंचाने में सफलता पाई है। दंतैल को दुसरे जंगल तक पहुंचाने के लिए विभाग को लगातार तीन दिनों तक अभियान चलाना पड़ा। फिलहाल सरगुजा के जंगलों में हाथियों का कोई बड़ा दल सक्रिय नहीं है। मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में मौजूद 9 हाथियों का दल पूरे साल भ्रमण करता है तथा बीच-बीच में मैनपाट एवं लखनपुर रेंज के आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जाता है। वर्तमान में विभिन्न जंगलों में दल से भटके अकेले दंतैल घूम रहे हैं जो रातोंरात दूसरे क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं। अकेले हाथी बेहद खतरनाक साबित हो रहे हैं इनकी उपस्थिति की जानकारी नहीं होने के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। शहर के निकट ग्राम खलीबा एवं कुल्हाड़ी के बीच एक दंतैल 12 अप्रैल से भ्रमण कर रहा था। कुमकी हाथियों ने घेराबंदी कर दंतैल को दो दिनों के अभियान में पार्वतीपुर जंगल में पहुंचाया। अभियान में वाइल्ड लाइफ सीएफ केआर बढ़ई डीएफओ तेजस शेखर, अजीत पाण्डेय सहित विभिन्न वनमण्डलों के अधिकारी-कर्मचारी एवं ट्रेकर मौजूद थे। इस संबंध में डीएफओ श्री शेखर ने बताया कि दंतैल को कुमकी हाथियों की मदद से पार्वतीपुर में पहुंचा दिया गया है।

### बदसलूकी : ग्राम विस्तार अधिकारी निलंबित

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर मुख्यालय कृष्णापुर के ग्राम विस्तार अधिकारी व एसएसटी प्रभारी विनीत पाण्डेय को कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मचारियों के साथ देर रात फोन में गाली गलौज करने पर निलंबित कर दिया गया है। चांदनी नवाटोली एसएसटी प्रभारी विनीत पाण्डेय द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मचारियों को रात्रि लगभग 12 से 12.35 तक लगातार बार-बार फोन कर गाली-गलौज किए जाने एवं उक्त तथ्यों की तस्दीक थाना प्रभारी से कराया गया तो पाया गया कि वेरियर ड्यूटी में तैनात स्टाफ को गाली-गलौज कर रहा था। संबंधित का समय रहते डॉक्टर से मुलाहिजा कराया गया जिसमें चिकित्सक द्वारा शराब पीने की पुष्टि की गई। अनुशासनहीनता का दोषी मानते हुए विनीत पाण्डेय, ग्राम विस्तार अधिकारी, मुख्यालय कृष्णपुर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित किया है।

### 56 मतदाताओं को मिलेगी होम वोटिंग की सुविधा

**सूरजपुर।** सरगुजा अंतर्गत जिले में होम वोटिंग का प्रथम चरण 1 मई व द्वितीय चरण 3 मई होगा जिसके अंतर्गत निर्वाचन में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। विधानसभा वार संयुक्त जिला कार्यालय के आवक-जावक शाखा के प्रथम कक्ष में मतदान सुविधा केंद्र बनाया गया है। डाक मतपत्र से मतदान हेतु 4, 5 व 6 मई की तिथि का निर्धारण किया गया है। होम वोटिंग के लिए 56 मतदाता ने आवेदन किया है।



## वोट देना आपका अधिकार और जिम्मेदारी : रमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एमसीबी द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

- रैली के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

इसी कड़ी में मनेन्द्रगढ़ में संचालित संस्था आदर्श ग्रुप आफ एजुकेशन द्वारा बीते 1 सप्ताह से विभिन्न गांवों में मतदाता जागरूकता कैम्प लगाकर गांव के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शनिवार को बुंदेली गांव में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुंदेली हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा हाथों में मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखे हुए तख्ती रखकर जागरूकता रैली निकाली गई साथ ही इस दौरान उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाकर सात मई को बढ़-चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक रमेश सोनी ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है, जो हमें संविधान प्रदत है। एक सशक्त राष्ट के निर्माण में हर एक वोट महत्वपूर्ण होता है। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना केवल शासन प्रशासन का काम नहीं बल्कि हम सबका भी दायित्व है कि हम अपने आसपास के लोगों को मतदान के महत्व को समझाते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें, ताकि सबकी सहभागिता से हम शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकें। ⏭ शेष पेज 4 पर

## सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार मिला प्रीति को

**चिरमिरी।** चिरमिरी में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण की अध्यक्ष प्रीति जायसवाल को एरिया में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण की आधिकारिक यात्रा एवं एरिया कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। चिरमिरी होटल एलीना में वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण की आधिकारिक यात्रा एवं एरिया कॉन्फ्रेंस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता अग्रवाल के आतिथ्य में एवं एरिया ऑफिसर वी रश्मि वधावन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता फरमानिया, डिस्ट्रिक्ट चीफ एडवाइजर वी अंशु गोयल, डिस्ट्रिक्ट प्रशासनिक सचिव वी अमरजीत कथूर, रिया एडवाइजर, इंदिरा सेंगर, रिया, सचिव पम्मी अरोड़ा, सभी क्लब की पीएसटी एवं सदस्य उपस्थित रहे। एरिया कॉन्फ्रेंस में प्रीति जायसवाल को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष, बबीता अग्रवाल को श्रेष्ठ सचिव, प्रीति अग्रवाल को श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष, कमलेश अरोड़ा को सर्वश्रेष्ठ चेयरपर्सन, क्लब को सर्वश्रेष्ठ सेवा गतिविधि, सर्वश्रेष्ठ बैनर प्रेजेंटेशन एवं सभी चेयरपर्सन एवं माइक्रो चेयरपर्सन को अवार्ड प्राप्त हुए।



कार्यक्रम में उपस्थित क्लब की महिलाएं।

### खुलेआम कटार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** कोतवाली पुलिस ने खुलेआम कटार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 अप्रैल को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि प्रतापपुर रोड धोबी नाला के समीप एक संदिग्ध युवक कटार लेकर घूम रहा है और लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लिया गया और उसके पास से लोहे का कटार जब्त किया गया। इस मामले में पुलिस 27 वर्षीय प्रभु दास को गिरफ्तार किया है।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विक्की का चयन

**अंबिकापुर।** हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ी विक्की भगत का चयन किया गया है।



सुबह अखबार व दिनभर ठेले पर फल बेचकर अपना जीवन यापन करने वाले खिलाड़ी के चयन से खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। बताया जा हरियाणा में 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 30 अप्रैल तक किया गया है। इस प्रतियोगिता में सरगुजा बास्केटबॉल संघ के खिलाड़ी विक्की भगत का चयन छत्तीसगढ़ टीम में किया गया है। विक्की भगत छत्तीसगढ़ की ओर से हरियाणा में अपना हुनर दिखाएगा। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि विक्की भगत विगत कई वर्षों से गांधी स्टेडियम के बास्केटबाल ग्राउंड पर अभ्यास करते आ रहा हैं।

## अब विवाह के शुभ मुहूर्त नहीं मांगलिक कार्यों पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इस वर्ष ग्रहों की चाल के बिगड़ने के कारण विवाह के मुहूर्त मई-जून में नहीं है, इसके पहले अप्रैल माह में भी विवाह के मुहूर्त सीमित ही रहे। इसमें जमकर विवाह कार्यक्रम संपन्न किए गए। अब विवाह के मुहूर्त मई-जून में नहीं है, इससे कि अब दो माह के लिए विवाह संस्कार पर ब्रेक लग गया है, इसके कारण इस दौरान शहनाईयां नहीं बजेंगी।



जानकारी के अनुसार अप्रैल माह में 18 अप्रैल से विवाह के मुहूर्त खरमास समाप्ति पश्चात शुरू हुए तो प्रतिदिन वैवाहिक मुहूर्त में जमकर शादियां हुई। इसी तरह अप्रैल माह में अंतिम विवाह मुहूर्त 26 अप्रैल को रहा। इस दिन शादियों की धूम रही और थोक में वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुए, इसके बाद दो माह अप्रैल व जून में कोई भी विवाह के मुहूर्त नहीं है। अब दो माह बाद जुलाई के पहले सप्ताह के बाद 9 जुलाई से 15 जुलाई तक सात ही विवाह के मुहूर्त बन रहे हैं, इसके बाद 17 जुलाई से चातुर्मास लग रहा है। इस अवधि में भगवान विष्णु चार माह के लिए निद्रा में चले जाएंगे। इस अवधि में भी कोई भी वैवाहिक कार्यक्रम नहीं होते हैं,क्योंकि इस दौरान देवता निद्रा में रहते हैं, इस दौरान कोई भी शुरू कार्य नहीं किया जाता। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण के साथ शहरी क्षेत्रों में सबसे ज्यादा गर्मियों में मई-जून में ही सबसे ज्यादा विवाह होते हैं, लेकिन इस वर्ष ग्रहों की चाल के कारण गुरू व शुक्र अस्त हो जाने के कारण मई व जून माह माह में विवाह के कोई मुहूर्त नहीं बन रहे हैं।

### अक्षय तृतीया में विवाह की तैयारियां-

इस वर्ष 26 अप्रैल को विवाह का अंतिम मुहूर्त रहा, इसके बाद सीधे जुलाई में विवाह के मुहूर्त बन रहे हैं। इसी बीच 10 मई को अक्षय तृतीय पड़ रही है। इस दिन को विवाह सहित अन्य शुभ कार्यों के लिए अबूझ मुहूर्त माना गया है। इस अवसर पर सबसे ज्यादा विवाह संस्कार ग्रामीण क्षेत्रों में संपन्न होता है। वहीं इस दिन थोक में होने वाले विवाह को देखते हुए बाल विवाह को रोकने के लिए प्रशासन की टीम भी सचेत हो गई है।

## विधायक प्रतिनिधि की शिकायत पर कार्रवाई

# कलेक्टर ने जनपद सदस्य को पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जनप्रतिनिधि होकर लाभ अर्जन के मामले में दोषी पाए जाने पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर ने बड़ी कार्रवाई की है। मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत के सदस्य मकसूद आलम को कलेक्टर डी राहुल वेंकट ने जनपद सदस्य पद से हटा दिया है।

- लाभ अर्जन का मामला

केल्हारी के भाजपा नेता और विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता की शिकायत पर यह कार्रवाई कलेक्टर ने की है। विदित हो कि मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 केलुआ के जनपद सदस्य मकसूद आलम द्वारा जनपद सदस्य पद पर रहते हुए अपने जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मटेरियल सप्लाई का काम खुद के फर्म से किया जा रहा था। जनपद सदस्य द्वारा लाखों रूपए की मटेरियल सप्लाई की गई, जिसकी शिकायत विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने वर्ष 2021 में कलेक्टर कोरिया से की गई, लेकिन कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक गुलाब कमरो का प्रतिनिधि होने के साथ पूर्व सरकार का संरक्षण प्राप्त होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रदेश में सरकार बदली और भाजपा सत्ता में आई तब विधायक प्रतिनिधि ने फिर इस मामले की शिकायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर से की और कलेक्टर ने पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की जांच करवाई की।

मामला सही पाए जाने के बाद कलेक्टर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर डी.राहुल वेंकट ने पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 (1) के तहत दोषी पाए जाने के बाद जनपद सदस्य मकसूद आलम को तत्काल जनपद सदस्य पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया है।

### विष्णु सरकार ने की कार्रवाई

इस पूरे मामले के शिकायतकर्ता विधायक प्रतिनिधि भाजपा नेता रवि गुप्ता ने बताया कि उन्हें क्षेत्र की जनता से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि जनपद सदस्य मकसूद आलम द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए पंचायतों में दबाव बनाकर खुद मटेरियल सप्लाई कर लाभ अर्जित कर रहे हैं। इस पर मैंने 2021 में कलेक्टर कोरिया को शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई थी।

### मतदाता जागरूकता अभियान में बलरामपुर ने बनाए 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड

**बलरामपुर।** शुक्रवार को मतदाता जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे अभियान में जिले ने एक साथ तीन तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है। जिले में स्वीप बैलून, अम्ब्रेला रैली व मानव श्रृंखला बनाकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की स्टेट हेड श्रीमती सोनल शर्मा ने जिला निर्वाचन अधिकारी आर एक्का को वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया है। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिलेभर में विशेष अभियान चलाए जा रहे है। फुटबॉल, तैराकी प्रतियोगिताएं कराने के साथ ही स्वीप बैलून, बाहर गए मतदाताओं को फोन कर मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में अंब्रेला रैली का आयोजन किया गया। अब तक आयोजित किये गए कार्यक्रमों में से फुटबाल प्रतियोगिता, स्वीप बैलून और अम्ब्रेला रैली को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की स्टेट हेड सोनल शर्मा ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
आप NEET STUDENT कहां जा रहे हो, मैनें तो अपना रिजल्ट GOAL से ही बनाया हैं।

" मैं डॉक्टर मनोज चंद्राकर (MBBS-MD, Director of Chandrakar Nursing Home, Bilaspur) जब भिलाई आकर गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत सर से मिला था तब तत्कालीन गोल से कोचिंग कर मेरा ऑल इंडिया रैंक 283 आया था और मुझे BJ Medical College, अहमदाबाद में एडमिशन मिला था। आज मैं जब भिलाई आया तो रंजीत सर की याद आई और मैं सर से मिलने गोल इंस्टीट्यूट आ गया। सर मुझे देख कर बहुत खुश हुए और विनम्रतापूर्वक अपने अंदाज में पूछा, 'आप कैसे हैं और आपका हॉस्पिटल सेवा भाव कैसा है? मैंने कहा आज पीडिया में बच्चों का डॉक्टर बन बहुत अच्छा कर रहा हूँ, फिर रंजीत सर ने कहा कि बहुत समय के बाद आए हैं तो गोल के ड्रापर NEET 2024 के Aspirant से मिल लीजिए और उन्हें प्रोत्साहित कीजिए, फिर मैं NEET-2024 Aspirant से मिला और सभी छात्रों को मोटिवेट किया। आज 'गोल' में दी गई सुविधाएं जैसे कि एसी क्लास रुम, लाइब्रेरी, 20 से ज्यादा Best Faculty टीम और हॉस्टल को देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारे समय में इतनी व्यवस्था नहीं थी पर तब भी गोल संस्थान में हमारे बैच में 15 छात्र थे और सभी का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयन हो गया था।"
ADMISSION OPEN
FOUNDATION 11th & 12th for Board, NEET / JEE
DROPPER BATCH NEET / JEE 2025 Registration Open
GOAL FAMILY WISHING YOU All The Best for Your NEET-2024
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

27- APR-Jash-CORIYA-RAGH-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/27/2024 8:34 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### अनुष्का ने जेईई मेंस में हासिल किया 98.43 प्रतिशत अंक

**कोरबा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस के सेशन-2 का परिणाम घोषित हुआ है, जिसमें नगर पंचायत पाली की होनहार छात्रा कु.अनुष्का जायसवाल ने पहले ही प्रयास मे जेईई मेंस की परीक्षा मे 98.43 प्रतिशत अंक अर्जित कर इतिहास रचते हुए पाली नगर और परिवार को गौरवान्वित किया है।नपं पाली के अटल चौक पर लम्बे समय से स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे डॉ. भारत भूषण जायसवाल और श्रीमती ज्योति जायसवाल की इकलौती बेटी अनुष्का की प्राथमिक, माध्यमिक, और हाई स्कूल की शिक्षा पाली में हुई है। तत्पश्चात अपने व पिता के सपने को पूरा करने बिलासपुर में 12 विद्याध्ययन करते हुए साथ मे जेईई की तैयारी की। अनुष्का ने पहले ही प्रयास में जी ईई मेंस परीक्षा में 98.43 फीसदी परसेंटाइल अंक हासिल कर परिवार और नगर का नाम रोशन किया है। पाली के इतिहास में पहली बार किसी ने जेईई की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग की परीक्षा मे इतना अंक अर्जित किया है। नगर वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए छात्रा और परिवार को ऐतिहासिक सफ़लता पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### प्रेक्षक ने किया संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा ने शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री मीणा ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाग संख्या 141 निर्मला इंग्लिश स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा कक्ष क्रमांक 1, भाग संख्या 142 निर्मला इंग्लिश स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा कक्ष क्रमांक 2, भाग संख्या 177 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा कक्ष क्रमांक 1, भाग संख्या 178 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा कक्ष क्रमांक 2, भाग संख्या 179 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा, भाग संख्या 180 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा, भाग संख्या 188 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुलसीनगर कक्ष क्रमांक 1, भाग संख्या 213 सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामणी कक्ष क्रमांक 02 का अवलोकन किया। इसी तरह प्रेक्षक द्वारा तहसील दर्री अंतर्गत जेलगांव, अयोध्यापुरी, जमनीपाली, बल्गीखार सहित अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

### ढेहलाडीह कॉलोनी में पानी की समस्या गहराई

**कोरबा।** गर्मी के मौसम आते ही ढेहलाडीह कॉलोनी में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए एसईकेएमसी के सदस्यों ने मांग पत्र सौंपा है। इस मांग पत्र पर आईआर बैठक में चर्चा की जाएगी। यूनियन नेताओं का कहना है कि कॉलोनी में मंदिर के निकट लगा हुआ। एमटीएम वाटर बिगड़ गया है। जिसको बनाने की जरूरत है। कामगारों को आते जाते समय पेयजल की आवश्कता पड़ती है। इस तरह कॉलोनी मार्ग पर ट्रकों की लंबी लाईन लगी रहती है। ट्रक चलने का मार्ग की दशा खराब हो गई है। मार्ग का निर्माण किया जाना जरूरी है। संयुक्त सलाहकार समिति की ओर से समस्याओं का मांग पत्र सौंपा है।

### ठेका मजदूरों के महंगाई भत्ता में हुई बढ़ोतरी

**कोरबा।** कोयला उद्योग में काम करनेवाले ठेका मजदूरों के महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी की गई है। महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी होने से इनको मिलने वाली प्रतिदिन की मजदूरी बढ़ गई है। कोल इंडिया के महाप्रबंधक (श्र.श. एवं आ. सं.) गौतम बनर्जी की आओर से अधिसूचना जारी करते हुए एसईसीएल समेत कोल इंडिया के सभी सीएमडी को पत्र भेजा गया है। बढ़ी हुई महंगाई भत्ता 1 अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 तक प्रभावी रहेगा।

# हाथी प्रभावित पोलिंग बूथ में वन विभाग के कर्मचारी लोगों को पहले से करेंगे सजग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले का कोरबा व कटघोरा वनमंडल हाथियों से प्रभावित है। ऐसे में मतदान के दौरान हाथी प्रभावित गांवों में लोगों को मतदान के दौरान किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए वन विभाग अभी से ही गांव गांव में जागरूकता अभियान चला रही है। वहीं उन्हें यह बता रही है कि यदि हाथी उनके गांव की ओर दस्तक करेगा तो उन्हें पहले से ही इसकी जानकारी हो जाएगी और हाथी से बिना डर भय के लोग शत प्रतिशत मतदान करें। इस दिशा पर विभाग पहल कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में बड़े पैमाने पर हाथियों का बसेरा है और हाथी आए दिन अक्सर गांव की ओर घुसने का प्रयास करते हैं और बड़े पैमाने पर नुकसान भी पहुंचते हैं। अभी इस गर्मी के दौर में 7 मई को जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जानी है। इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस की टीम लगातार लगी हुई है। मतदान के दौरान किसी भी इलाके में हाथी प्रभावित इलाके में परेशानी ना हो इसके लिए अभी से ही वन विभाग की टीम हाथी प्रभावित ग्राम पंचायत में लगातार पहुंच रही है ।

## 49 हाथियों का झुण्ड है कटघोरा वनमंडल में

**खास बात**

- अभीं से गांव गांव में मतदान के लिए विभाग के कर्मचारी कर रहे हैं जागरुक



## शाम को होता है सबसे ज्यादा मूवमेंट

हालांकि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में खतरा तो बना हुआ है लेकिन लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि हाथी का मूवमेंट अक्सर शाम के समय ही होता है और वे रात को ही अपना सफर तय करते हैं। हालांकि सुबह के समय हाथी अपने इलाके या जंगल में आराम फरमाते हैं इसलिए कोई ज्यादा घबराने की आवश्यकता नहीं है। वन विभाग इसके लिए पहले से तैयारी में जुटा हुआ है और पहले ही वन विभाग द्वारा हाथियों के निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी की जा रही है और पल-पल की जानकारी वरिष्ठ अफसर को दी जा रही है और उनके निर्देशों पर ही हाथियों को कंट्रोल किया जा रहा है।

## धूप से निजात दिलाने की गई पहल

# एसपी की पहल : अब तपती धूप में ट्रैफिक जवान चश्मा और पानी बोतल के साथ आएंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के प्रमुख चौराहा में 42 डिग्री के तापमान में खड़े होकर ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले जिले के ट्रैफिक पुलिस के जवानों की होती है। 42 डिग्री तापमान होने के बाद भी वे खड़े होकर अपनी ड्यूटी को निभाते हैं। धूप में उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने पहल की है और जिले के ट्रैफिक जवानों को धूप से निपटने के लिए उन्हें छाता व चश्मा व डिहाइड्रेशन के शिकार ना हो इसके लिए बकायदा मिल्टन का एक बोतल दिया।

उल्लेखनीय है कि शहर सड़कों पर लोग आसानी से सुगम यातायात मिल सके इसके लिए शहर के प्रमुख चौक चौराहों में ट्रैफिक पुलिस के जवानों को तैनात किया जाता है। जो बरसात हो या ठंड या फिर गर्मी किसी भी मौसम में हमेशा चौक चौराहों में डटकर खड़े रहते हैं और लोगों को सुगम यातायात मुहैया कराते हैं लेकिन इस अप्रैल के महीने में जहां पारा 42 डिग्री के पार जा पहुंचा है। ऐसे तापमान में खड़े होकर ड्यूटी करना किसी चुनौती से कम नहीं है। लगातार तापमान बढ़ते ही जा रहा है और ड्यूटी की वजह से ट्रैफिक के जवान लगातार डिहाइड्रेशन और बीमारी के शिकार हो रहे थे। इसे लेकर हरिभूमि ने 20 अप्रैल के अपने अंक में पुलिस जवानों की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने ट्रैफिक में पदस्थ पुलिस के जवानों को इस भीषण गर्मी में कैसे राहत पहुंचा जा सकती है इस दिशा पर पहल की और शुक्रवार को एसपी ऑफिस के समीप पर स्थित यातायात थाने में पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा स्वयं थाना पहुंचे और वहां मौजूद सभी ट्रैफिक के अधिकारी कर्मचारियों की क्लास लगाई। जहां पुलिस अधीक्षक द्वारा एक-एक कर पुलिस के जवानों को इस भीषण गर्मी से निपटने के लिए उन्हें चश्मा, छतरी व पीने का पानी ठंडा रहे इसके लिए बॉटल उपलब्ध कराया गया है। जहां पुलिस के जवान इस किट को पाकर गदगद नजर आए और पुलिस अधीक्षक के इस पहल की जमकर सराहना की। इस दौरान यातायात प्रभारी गोवर्धन मांझी, एएसआई मनोज राठौर, ईश्वरी लहरे, घनश्याम राजपूत, अजय राजवाड़े सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



ट्रैफिक जवानों को किट प्रदान करते एसपी सिद्धार्थ तिवारी।



कई स्थानों में छाया नहीं होने की वजह से जवानों की बढ़ रही मुश्किलें

तापमान पहुंचा 43 डिग्री के पार, सड़कों पर ट्रैफिक जवान तैनात, बिगड़ रही है तबियत

दोपहर 12 बजे के बाद ट्रैफिक कंट्रोल मैन्युअल किया जाना चाहिए

हरिभूमि में पूर्व में प्रकाशित खबर की कतरन।

## 24 घंटे बोतल में रहेगा ठंडा पानी

इस भीषण गर्मी में लोगों को एक गिलास यदि ठंडा पानी गला तर करने मिल जाए तो इससे अच्छा और क्या कहेंगे। पुलिस के जवानों को पहले पीने के पानी के लिए यहां वहां भटकना पड़ता था और जो पुलिस के जवान बोतल लेकर आते थे। फिर धूप में गर्म हो जाया करती थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस के जवानों को जो बॉटल उपलब्ध कराया है वह 24 घंटा ठंडा पानी अब उन्हें उपलब्ध कराएगा। पुलिस के जवानों को निर्देशित किया गया है कि वह पानी में ग्लूकोस मिलाकर घर से निकले और इस पानी को दिनभर पीयें ताकि वे डिहाइड्रेशन का शिकार ना हो और वे पूरी तन्मयता के साथ ड्यूटी करें।

## 2 मई को है पीएम का प्रवास

जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर जोर-जोर से प्रचार प्रसार का दौर चल रहा है और इस दौरान लगातार वीआईपी का आगमन भी हो रहा है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई अन्य वीआईपी पहुंचे थे। लगातार वीआईपी के आगमन पर पुलिस के जवानों व ट्रैफिक के जवानों को लगातार ड्यूटी करनी पड़ रही है। जिससे वे बीमार भी पड़ रहे हैं। अब 2 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोरबा में प्रवास है। ऐसे में पुलिस के जवान व ट्रैफिक के जवान बीमार ना हो इसके लिए उन्हें स्पेशल किट उपलब्ध कराया गया है। जहां छतरी के माध्यम से उन्हें चौक चौराहा व वीआईपी के आगमन पर धूप से बचने के लिए सहारा मिलेगा तो वहीं चश्मा भी उन्हें धूप से बचाएगी। साथ ही पानी का बोतल उन्हें गला तर करने के लिए ठंडा पानी मिल सकेगा।

# मृत शिक्षक को चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चुनाव में कर्मचारियों की ड्यू टी लगाने में किस तरह की लापरवाही विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा बरती जा रही है। इसका उदाहरण चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए शिक्षकों को जारी की गई सूची से उजागर हुआ है। जब मृत शिक्षक का नाम तीन दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची में दर्ज कर दिया गया। इतना ही नहीं बल्कि इसके लिए शिक्षक के नाम से नोटिस भी जारी कर दी गई। मामले के अनुसार चुनाव ड्यू टी के लिए कलेक्टोरेट में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके लिए शिक्षकों की ड्यू टी लगाई जा रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से शिक्षकों की सूची भी मांगी जा रही है। उक्त सूची को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रमाणित कर उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रेषित की जाती है। उक्त सूची में किन किन शिक्षकों का नाम दर्ज है इसकी जानकारी संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी को रहती है। उसके बावजूद सूची में यह नहीं देखा जाता कि जिनकी डयूटी लगाई जा रही है वह किस स्थान पर पदस्थ है और वर्तमान में कार्यरत है या नहीं। जो मामला सामने आया उसके अनुसार गजराज सिंह कंवर प्रधानपाठक प्राथमिक शाला चीतापानी के नाम से नोटिस जारी की गई है। जिसमें उक्त शिक्षक की मतदान अधिकारी क्रमांक 1 के रूप में जारी की गई है। जिसमें 28 अप्रैल से चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होने की निर्देश दिया गया है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कटघोरा में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए ग हैं। उपस्थित नहीं होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उक्त शिक्षक का कर्मचारी कोड 636199 है।

**खास बात**

- निर्वाचन विभाग के द्वारा जारी सूची में नाम है दर्ज

**हटाया गया नाम**

प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कर्मचारियों की जो ड्यू टी लगाई गई थी, उसमें उक्त शिक्षक का नाम जानकारी मिलने के पश्चात हटा दिया गया है।

- **अजीत बसंत,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

## बीईओ कार्यालय की लापरवाही आई सामने

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में किस तरह की लापरवाही बरती जा रही है यह इसी से समझ में आ जाता है कि उनके अंतर्गत आने वाले स्कूल के प्रधानपाठक की मृत्यु होने के बाद भी उनका नाम प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जारी की गई सूची में दर्ज हो जाता है और विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूची का सत्यापन भी नहीं करते और उसे अंतिम रूप देकर सीधे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रेषित कर देते हैं। इससे यह जाहिर हो रहा है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरबा में किस तरह की लापरवाही विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा की जा रही है। जिसका खामियाजा निर्वाचन विभाग हो भुगतना पड़ता है।

# बस ने कंप्यूटर क्लास जा रहे छात्र को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक छात्र एक्टिवा में सवार होकर अपने घर से कम्प्यूटर क्लास के लिए निहारिका जा रहा था कि इसी बीच एक तेज रफ्तार बस के चालक ने एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया जिससे एक्टिवा सवार छात्र की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले बस चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है और बस को जप्त कर लिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। यहां एमपी नगर में निवास करने वाले मनोज पांडे का 18 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार पांडे सुबह लगभग 10:30 बजे अपने एक्टिवा क्रमांक सीजी 12 के 8066 में सवार होकर अपने घर से निहारिका स्थित कंप्यूटर क्लास जा रहा था कि रवि डेयरी के समीप पहुंचा था कि बिलासपुर की ओर से रजगामार जा रही बस क्रमांक सीजी 10 बीआर 6620 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार अंकित पांडे को अपनी चपेट में ले लिया जिससे अंकित पांडे की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध। कर बस को जप्त कर लिया है।



मृतक

### वित्तीय साक्षरता दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा जारी स्टेट प्लान आफ एक्शन में दिए गए निर्देशों के अनुसार श्री सत्येंद्र कुमार साहू जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को स्टेट बैंक आफ इंडिया आर-सेटी प्रशिक्षण केंद्र कोरबा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुमारी डिम्पल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा प्रशिक्षण ले रही अभ्यर्थियों को कहा कि मौजूदा समय में वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण विषय है, लोगों को वित्तीय तौर पर साक्षर होना उतना ही जरूरी हैं।

# महिला की गला दबाकर हत्या, जंगल में लाश को लगाया ठिकाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 38 वर्ष की विवाहिता की गला दबाकर हत्यारे ने लाश को जंगल में ठिकाने लगा दिया था। जब सुबह लोगों की नजर लाश पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। लाश मिलने की सूचना पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। जहां प्रथम दृष्टया मामले को हत्या से जोड़कर देखा गया है। जहां पुलिस की जांच में जुटी टीम ने महिला की शिनाख्त एसईसीएल कर्मी की पत्नी के रूप में की गई है। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं को लेकर मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भंवर तालाब के घुनघुट्टीपारा के समीप एक 38 वर्षीय महिला की गुरुवार की सुबह लाश पड़ी हुई मिली थी। लाश मिलने की सूचना पर चैतमा चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। साथ ही सीन ऑफ क्राइम के अधिकारी वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत कोसरिया की टीम भी मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस के अधिकारियों द्वारा मामले की गहराई से जांच की गई जहां पाया गया कि प्रथम दृष्टया मामले में महिला की गला दबाकर हत्या कर लाश को ठिकाने लगाया गया है। इस बीच बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिनगर निवासी एसईसीएल कर्मी भोजराम रात्रे ने चैतमा चौकी पहुंचकर मृत महिला की शिनाख्त अपनी पत्नी शकुंतला रात्रे के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक शकुंतला रात्रे बुधवार की शाम 4 बजे घर से अस्पताल जाने के नाम पर निकली थी जो देर शाम तक वापस नहीं लौटी। इसके उपरांत देर रात को जब भोजराम अपने ड्यूटी से घर पहुंचा तब उसके बच्चों ने शकुंतला के गायब होने की जानकारी उसको दी और रिश्तेदारों में खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला जिसके बाद गुरुवार की सुबह सोशल मीडिया में उसकी लाश की खबर वायरल होने पर भोजराम ने घटनास्थल पहुंचकर शकुंतला रात्रे की पहचान की है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से तहकीकात में जुटी हुई है और शकुंतला की हत्या किसने और क्यों की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**खास बात**

- चैतमा चौकी क्षेत्र का मामला, तहकीकात में जुटी पुलिस



मृत महिला।

## चुनाव ड्यूटी से बचने 600 आवेदन मिले निर्वाचन कार्यालय को

# कोई शादी के लिए तो कोई बीमारी के उपचार के लिए मांग रहा छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के दौरान पड़ने वाली तेज गर्मी ने चुनावी ड्यू टी से बचने के लिए कर्मचारी अवकाश के लिए आवेदन दे रहे हैं, तो कोई परिवार में वैवाहिक कार्यक्रम तो कोई अपने स्वास्थ्य का हवाला देकर उपचार के लिए अवकाश मांग रहा है। ऐसे 600 आवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय के पास पहुंचे हुए हैं। स्वास्थ्य के लिए अवकाश देने हेतु मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गा है। जिसे प्राप्त करना कर्मचारियों के लिए टेढ़ी खीर है।



लोकसभा चुनाव के लिए जिले के चारों विधानसभा में 7 से 8 हजार कर्मचारियों की ड्यू टी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगाई जा रही है। जिनके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कर्मचारियों की सूची जारी कर उन्हें प्रशिक्षण में आने के निर्देश दिए गए हैं। कर्मचारियों की ड्यू टी पीठासीन अधिकारी सुरक्षा कर्मी सहित अन्य कार्यों में लगाई जा रही है। 7 मई को जिले में मतदान कराया जाएगा। मई माह होने की वजह से तेज गर्मी में कर्मचारियों की ड्यू टी रहेगी। हालांकि सभी मतदान केन्द्र में गर्मी से बचाव के प्रबंध भी किए गए हैं, किंतु आग उगलती गर्मी के दौरान चुनाव ड्यू टी से बचने के लिए कर्मचारी तरह तरह के कारण बताकर अपने आवेदन जिला पंचायत को भेज रहे हैं। अब तक लगभग 600 आवेदन अवकाश से संबंधित जिला पंचायत सीईओ के पास पहुंचे हैं। उक्त आवेदनों में कोई कर्मचारी अपने पुत्र पुत्रियों के विवाह का या घर में मांगलिक कार्य होने का बुजुर्ग माता पिता के बीमार होने के या फिर स्वयं के स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर अवकाश मांग रहे हैं। ऐसे आवेदनों पर जिला निर्वाचन विभाग विचार कर रहा है, किंतु अत्यंत जरूरी वाले आवेदनों को ही स्वीकृत किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य के लिए मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र अनिवार्य

स्वास्थ्य का हवाला देकर अवकाश लेने वाले कर्मचारियों को मेडिकल बोर्ड से सर्टिफिकेट देना पड़ेगा। उसके बाद ही अवकाश स्वीकृत होगा। मेडिकल बोर्ड की टीम मेडिकल कॉलेज में बनाई गई है जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। आवेदन देने वाले बीमार कर्मचारी का परीक्षण मेडिकल बौर्ड के डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। गंभीर स्थिति होने पर ही मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट उक्त कर्मचारी को प्रदान कर सर्टिफिकेट दिया जाएगा और उसके बाद ही अवकाश स्वीकृत होगा।

# तोड़फोड़ करने वाले युवक के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में घुसे एक ग्रामीण ने ठेका कर्मियों पर पत्थर फेंके और टिपर वाहन में तोड़फोड़ की। वाहन का सामने व साइड का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया। प्राइवेट कंपनी के मैनेजर ने कुसमुंडा थाना में शिकायत दर्ज कराया है, जिसमें निजी कंपनी को लाखों की क्षति होना बताया है। पुलिस ने मामले में ग्रामीण के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। एसईसीएल कुसमुंडा खदान में नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी को कोयले की परत के ऊपर से मिट्टी हटाने का काम ठेके पर दे रखा है। पुलिस ने बताया कि कुसमुंडा थाना में प्राइवेट कंपनी के मानव संसाधन प्रमुख मुकेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विगत दिनों खदान में घुसकर रिस्दी निवासी ईश्वर पाल ने ओबी फेस पर काम कर रहे नीलकंठ कंपनी के कर्मचारियों पर पत्थर फेंके और उनके साथ गाली गलौच की। इसके बाद खड़ी टिपर वाहन का शीशा भी तोड़ दिया। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद ईश्वर पाल के विरूद्ध धारा 427, 294, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**खास बात**

- कुसमुण्डा थाना क्षेत्र का मामला खदान में हुई थी घटना

27- APR-Jash-CORIYA-RAGH-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/27/2024 8:32 PM Page 1






# दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई।** दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का गुरुवार 25 अप्रैल को ट्रेलर रिलीज हुआ। इस इवेंट को मुंबई में रखा गया, जिसमें निर्देशक महेश भट्ट और पूजा भट्ट भी शामिल हुए। इस फिल्म में दीपक के अलावा अलंकृता सहाय नताशा सूरी कैनात अरोरा नाजिया हुसैन सोनिया बिर्जे हरजिंदर सिंह मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं। 2 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां 5 लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रीप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रीप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है। जोकि एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# विद्या बालन

## मामूटी ने निभाया है अद्भुत रोल



बॉलीवुड में कम ही ऐसी एक्ट्रेसेज हुईं जिनकी तुलना तीनों खान्स से की जाती हो. विद्या बालन उनमें से एक हैं. विद्या की लेटेस्ट फिल्म 'दो और दो प्यार' इन दिनों थिएटर्स में है. हर बार की तरह इस बार भी उनके काम को देखने वालों ने काफी पसंद किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब विद्या ने कुछ ऐसा कहा है जो शायद बॉलीवुड फैन्स को बहुत पसंद ना आए। विद्या मलयालम सिनेमा की बात कर रही थीं और इसी सिलसिले में उन्होंने मलयालम सुपरस्टार मामूटी की जमकर तारीफ की। मामूटी की बात करते हुए विद्या ने उनके एक लेटेस्ट किरदार का जिक्र किया और कहा कि बॉलीवुड का कोई लीडिंग स्टार वैसा किरदार नहीं निभा सकता। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ऐसा होना 'असंभव' है।

विद्या ने मामूटी की फिल्म 'काथलः द कोर' की बात की। इसके लिए विद्या ने केरल की ऑडियंस को भी क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा, 'हमें ये मानना पड़ेगा कि केरल में ज्यादा पढ़ी लिखी ऑडियंस है। ये एक बहुत बड़ा अंतर है। वहां के सबसे निचले तबके के आदमी की समझ भी बहुत अलग है। उन्होंने (मामूटी) ने जो किया मैं उसे कम नहीं बता रही, लेकिन वहां ये करना आसान है। ये एक सोसाइटी का रिफ्लेक्शन है।' विद्या ने मामूटी के 'काथलः द कोर' वाले किरदार को स्पेशल कहने की वजह बताते हुए कहा, 'उन्होंने ये नहीं सोचा कि इससे उनकी मर्दानगी पर कोई असर पड़ेगा। वो बहुत सिक्योर एक्टर हैं।' विद्या ने ये भी बताया कि इस रोल के लिए मामूटी को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए उन्होंने, उनके बेटे और एक्टर दुलकर सलमान को मैसेज किया था।

## हॉलीवुड मसाला

# सिंगर मंडिसा की घर में मिली लाश



**मुंबई।** अमेरिकन आइडल फेम ग्रैमी अवॉर्ड विनर सिंगर मंडिसा लिन हंडले की मौत हो गई है। उनका शव रहस्यमय परिस्थितियों में उनके घर से बरामद हुई है। पुलिस जहां जांच में जुटी है, वहीं परिवार और टीम ने भी एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उनके मौत के कारणों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी अमेरिकी सिंगर मंडिसा की 47 साल की उम्र में मौत हो गई है। अमेरिकन आइडल फेम सिंगर की लाश उनके टेनिसी के फ्रैंकलिन स्थित घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मिली है।




# 'अमेरिकन ब्यूटी' के डर से मां-बाप ने टीवी में लगा दिया था लॉकर

**मुंबई।** कुछ ऐसी फिल्में बनती हैं, जो दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए छाप छोड़ देती हैं। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो, साउथ हो या फिर हॉलीवुड फिल्में क्यों ना हों। आज से ठीक 33 साल पहले एक हॉलीवुड मूवी रिलीज हुई थी, जिसका नाम 'अमेरिकन ब्यूटी' था। ये फिल्म इतनी बोल्ड थी कि लोगों को अपने टीवी में चाइल्ड लॉक तक लगाना पड़ गया था। फिर भी फिल्म ने पांच ऑस्कर अवॉर्ड झटके थे और उस जमाने में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था। 'अमेरिकन ब्यूटी' फिल्म की कहानी उस जमाने के हिसाब से बहुत ज्यादा बोल्ड थी। एक ऐसे आदमी की कहानी, जो बीवी और बेटी के साथ रहता है, लेकिन बीवी संग उसके रिश्ते ठीक नहीं है, गाली-गलौज होती रहती है और बेटी इस वजह से अपने पैरेंट्स से नफरत करती है और उनसे बात नहीं करती। उस आदमी की जिंदगी में एक दिन तब बहुत बड़ा बदलाव आ जाता है, जब वो बेटी की दोस्त को देखता है। उसे देखकर मन में अश्लील ख्याल आने लगते हैं। फिल्म के कुछ सीन्स तो ऐसे हैं कि जिन्हें देखकर आप अपनी आंखें मूंद लेंगे।



# अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू करेंगी सिमर

**मुंबई।** सिमर ने एक आउटसाइडर की तरह इंडस्ट्री में एंट्री ली है। उनके मामा अक्षय कुमार, बड़े आराम से उन्हें एक बड़े लॉन्च का प्लेटफॉर्म दे सकते थे, लेकिन सिमर ने ऑडिशन देकर अपना डेब्यू प्रोजेक्ट पाया है. उन्होंने फिल्म में अपने ज्यादातर हिस्से के लिए शूट भी कर लिया है। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने कुछ समय पहले ही नेटफ्लिक्स फिल्म 'आर्चीज' से अतिंग डेब्यू किया था, इसके बाद ही उन्हें उनका अगला प्रोजेक्ट भी मिल गया और वो 'अंधाधुन' डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से बड़ी स्क्रीन पर भी डेब्यू करने जा रहे हैं। अगस्त्य के साथ फिल्म में लीडिंग लेडी कौन होंगी, अभी तक इस बात पर सस्पेंस बना हुआ था। मगर अब ऐसी रिपोर्ट्स आ रही हैं कि 'इक्कीस' में अगस्त्य के साथ लीडिंग लेडी को भी फाइनल कर लिया गया है।




# रिश्तों की अहमियत सिखाता है 'दिल दोस्ती डिलेमा'

**मुंबई।** किशोरवय युवक-युवतियों की अपनी जिंदगी और सोच होती है, जो अक्सर मान्यताओं और परम्पराओं से बगावत करते हुए चलती है। अपने ख्यालों-ख्वाबों में खोई रहने वाली ये पीढ़ी अक्सर रिश्तों की कद्र नहीं करती। जाने-अनजाने कुछ ऐसा कर जाती है कि दिल टूट जाते हैं। अगर ना संभाले तो रिश्ते भी बिखर जाते हैं। इस उम्र की प्राथमिकताएं कुछ और होती हैं, जो जिंदगी देखने का नजरिया भी तय करती हैं। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई सात एपिसोड्स की सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा उम्र के इसी नाजुक मोड़ पर रिश्तों की अहमियत समझाने के साथ संदेश देती है। हालांकि, विषय पुराना लगता है, जिससे सीरीज पकड़ खोती नजर आती है। अस्सी के दौर में ऐसे विषय अक्सर फैमिली फिल्मों का हिस्सा बनते थे और दर्शक भावनाओं के सागर में डूबते-उतराते रहते थे।

## टीवी मसाला



# अनुज के शो छोड़ने पर निर्माता ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** सीरियल अनुपमा में गौरव खन्ना मुख्य रोल निभाते हैं। उनके शो छोड़ने की खबरों से फैंस परेशान हो गए थे. अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन खबरों पर रिएक्ट करते हुए बड़ी बात कही है। सोशल मीडिया पर बताया गया था कि गौरव सीरियल को अलविदा कह सकते हैं। फैंस ये जानकर परेशान हो गए थे और सच्चाई जानना चाहते थे। हाल ही में अनुज यानी गौरव ने एक इंटरव्यू में बताया कि वो शो को नहीं छोड़ रहे हैं। अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन वायरल खबरों पर रिएक्ट किया है।

अनुपमा अपनी कहानी की वजह से टीआरपी में सबसे आगे रहता है। गौरव खन्ना के शो छोड़ने की खबरें जैसे इंटरनेट पर आई, दर्शकों को इसने हैरान कर दिया। जब शो के निर्माता राजन शाही से गौरव के अनुपमा से बाहर होने की अफवाहों पर पूछताछ की गई, तो उन्होंने इस पर कहा, 'बिल्कुल नहीं'। उन्होंने कहा कि सीरियल में अनुज का किरदार काफी महत्व रखता है। उनके इस बात से तो कंफर्म है कि अनुज शो से बाहर नहीं हो रहे हैं। ये जानकर फैंस को बहुत खुशी होगी।

### अनुपमा का लेटेस्ट एपिसोड

अनुपमा के अपकमिंग एपिसोड में दिखाया जाएगा कि अनु, अनुज के कहने पर उसके घर में शिफ्ट हो जाएगी। अनुज उससे कहेगा कि वो आध्या को नहीं संभाल पा रहा और ऐसे में वो अनुपमा से मदद मांगता है। अनु अपनी बेटी की खातिर अनुज की बात मान लेगी। हालांकि आध्या को ये बात पसंद नहीं आएगी। आध्या जानबूझकर अनुपमा की जिंदगी में नई दिक्कतें पैदा करने लगेगी, ताकि वो सुपरस्टार शेफ छोड़ दें और वापस भारत चली जाए। वो कंपीटीशन के लिए अनुपमा को लेट करवा देगी और अनुज उसकी मदद करेगा। शो में दिखाया जाएगा कि अनुपमा कंपीटीशन के दौरान गिर जाएगी और उसकी मदद के लिए अनुज शेफ बनेगा। वो उसकी ओर से खाना बनाएगा। आध्या और श्रुति ये सब टीवी पर देखकर शॉक्ड हो जाएगी।

# दर्शकों की कमी से कई थिएटरों में ताला लटकने की नौबत

**मुंबई।** मजेदार संयोग ये है कि बीते साल भी मई में ऐसी ही स्थिति थी। हालांकि, तब हॉलीवुड की 'गार्डियंस ऑफ़ द गैलेक्सी', 'फास्ट एक्स' और 'द केरल स्टोरी' ने जान बचा ली थी। 'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक, दर्शकों की कमी को देखते हुए 800 सीटों वाले मुंबई के गैलेक्सी थिएटर को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह जी 7 मल्टीप्लेक्स का एक हिस्सा है, जिसे मशहूर 'गेयटी-गैलेक्सी' के नाम से भी जाना जाता है।




### आगरा में 30 रुपए में टिकट, पर नहीं आ रहे दर्शक

एक चौंकाने वाला उदाहरण आगरा में 'राजीव सिनेमा' का है। यहां टिकट की कीमतें घटाकर 30 रुपए और 50 रुपए कर दी गई हैं। लेकिन फिर भी बात नहीं बन रही है। बिहार के पूर्णिया में 'रूपवाणी' सिनेमा के मालिक विशेक चौहान कहते हैं, 'बहुत सारे एग्जीबिटर्स फोन कर रहे हैं, पूछ रहे हैं कि क्या हमें दो महीने के लिए सिनेमाघर बंद कर देना चाहिए?'

### 'क्या करते हम, कोई फिल्म नहीं चल रही'

इस बारे में 'जी7 मल्टीप्लेक्स' और 'मराठा मंदिर' सिनेमा के कार्यकारी निदेशक मनोज देसाई कहते हैं, 'क्या करते हम? कोई फिल्म नहीं चल रही हैं। दोनों ही फिल्में बुरी तरह पिट गईं। झटका लग गया हमें।'

### जल्द बंद हो जाएंगे थिएटर

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ और थिएटर-मल्टीप्लेक्स अगले एक महीने के लिए बंद रहने की तैयारी में हैं। हालांकि, मल्टीप्लेक्स को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि कुछ स्क्रीन्स बंद किए जाएंगे। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में आगे लिखा गया है, 'शुरुआत में अधिकतर सिनेमाघरों ने टिकट की कीमतों में कटौती की। लेकिन फिर भी दर्शकों ने रुचि नहीं दिखाई।

# ऑस्कर कांड के बाद विल स्मिथ की 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** हॉलीवुड की पॉप्युलर फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ऑस्कर थप्पड़ कांड के बाद इस फिल्म के साथ हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक करने जा रहे हैं। फिल्म में धुआंधार एक्शन और डरावने फाइट सीन के साथ-साथ बीच-बीच में कॉमेडी भी है। हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवाड्र्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है।



### 'बैड बॉयज 4' की कुछ ऐसी दिख रही कहानी

*फिल्म की कहानी मियामी के एक पूर्व कैप्टन कॉनरैड हावर्ड की है, जिसके बारे में पता लगता है कि वो ड्रग बनाने वाली कंपनी के साथ कई साल से काम कर रहा है। विल को लग रहा है कि कैप्टर हावर्ड को फ्रेम किया जा रहा है। दरअसल इसके पीछे पूरा गैंग है और इसके खिलाफ 'बैड बॉयज' यानी विल और मार्टिन लॉरेंस मैदान में उतरते हैं जिन्हें न केवल अपने देश को बचाना है बल्कि दुश्मनों को तबाह भी करना है। ये फिल्म 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही। दो साल बाद स्क्रीन पर कमबैक कर रहे विल स्मिथ इस ट्रेलर में धुआंधार एक्शन की बौछार करते दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी के दीवाने फैन्स खुशी से झूम उठे हैं।*

## ड्रीम गर्ल ने निभाया लीड रोल

# हेमा की हिट फिल्म पर बी. आर. चोपड़ा ने बनाया था टीवी शो

हिंदी सिनेमा की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने फिल्मी पर्दे पर तो अपने अभिनय का जलवा बिखेरा ही, लेकिन इसके अलावा उन्होंने टेलीविजन की दुनिया में भी एक समय पर तहलका मचाया है। इंडिया की ड्रीम गर्ल ने अपनी ही फिल्म सीता और गीता से इंस्पायर टीवी शो में साल 2004 में काम किया था जिसे महाभारत के मेकर बी. आर. चोपड़ा ने ही बनाया था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हेमा मालिनी आज के समय में भले ही फिल्मों में कम नजर आती हैं, लेकिन अब भी वह फैंस की 'ड्रीम गर्ल' ही हैं। राज कपूर की फिल्म 'सपनों का सौदागर', जॉनी मेरा नाम, लाल पत्थर और अंदाज और शोले जैसी कई यादगार फिल्में हिंदी सिनेमा को देने वाली हेमा मालिनी के करियर के में टर्निंग प्वाइंट तब आया, जब उन्होंने साल 1972 में फिल्म 'सीता और गीता' में दोहरी भूमिका निभाई।

फिल्म के निर्देशन की कमान रमेश सिप्पी ने संभाली, तो वही पटकथा सलीम और जावेद ने दी। हेमा मालिनी की सीता और गीता दो ऐसी बहनों की कहानी है, जो बचपन में ही बिछड़ जाती हैं। दोनों का स्वभाव एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत होता है। जहां दुष्ट चाची सीधी सादी सीता का जीना दुश्वार करके रखती हैं, तो वहीं गीता से पंगा लिया, तो वह अपनी खैर मनाता है। सीता और गीता की कहानी तब और दिलचस्प हो जाती है, जब दोनों ही अपनी जगह बदल लेती हैं और गीता-सीता के घर पहुंच जाती है। साल 1972 की ये फिल्म आज भी लोगों को याद है। हेमा मालिनी की ये फिल्म लोगों इतनी ज्यादा पसंद आई थी कि साल 1989 में इसी से ही मिलती-जुलती कहानी वाली फिल्म 'चालबाज' भी रिलीज हुई थी।

उस समय पर हेमा मालिनी की फिल्म 'सीता और गीता' की लोकप्रियता से 'महाभारत' के निर्देशक बी.आर. चोपड़ा इतने ज्यादा इम्प्रेस हो गए थे कि उन्होंने इस पर एक पूरा टीवी शो बना दिया था, जिसमें किसी और ने नहीं, बल्कि 'ड्रीम गर्ल' ने ही मुख्य भूमिका निभाई थी। हेमा मालिनी शो में कामिनी और दामिनी बनी थीं। कामिनी जहां तेज तर्राट सी थी, तो वहीं दामिनी 'सीता' की तरह ही एकदम शांत थी।



*बी.आर. चोपड़ा ने टीवी पर बनाई थी सीता-गीता : महाभारत जैसे यादगार शोज देने वाले बी आर चोपड़ा ने साल 2004 में एक सीरियल बनाया, जिसका टाइटल था 'कामिनी-दामिनी'। ये शो सहारा वन पर ऑनएयर होता था। इस डेली सोप ने सहारा वन पर श्रीदेवी के शो 'मालिनी अय्यर' को रिप्लेस किया था। खास बात ये थी कि इस शो में भी बी. आर. चोपड़ा ने 'सीता और गीता' एक्ट्रेस हेमा मालिनी को ही मुख्य भूमिका निभाई थी। ये पूरा शो सीता और गीता मूवी पर ही बेस्ड था।*

# सालों बाद फिर साथ दिखेंगे इंस्पेक्टर दया और अभिजीत



*मुंबई। सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है।आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं। वो भी एक साथ. चलिये फिर देरी कैसी जल्दी पूरी बात जान लेते हैं। कई टेलीविजन सीरियल्स ऐसे हैं, जिन्होंने सालों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। यही वजह है जब सालों तक चलने वाले शोज अचानक बंद होते हैं, तो फैन्स के दिलों को काफी दुख पहुंचता है। ऐसे ही पॉपुलर शोज में सीआईडी का नाम भी शुमार है। इस शो ने तीन दशक तक टीआरपी लिस्ट पर राज किया। दर्शकों ने शो के किरदारों को भी खूब पसंद किया। इंस्पेक्टर दया, सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन जैसे कई किरदार हैं, जिन्हें आज भी लोगों का प्यार मिल रहा है। अब सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है। आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### गेहूं फसल में लगी आग 50 हजार का नुकसान

**अम्बिकापुर।** खेत में आग लग जाने से मिसाई के लिए काटकर रखे गेहूं फसल सहित खेत के खड़ी फसल में आग लग गई। आगजनी से लगभग 50 हजार की गेहूं फसल जलकर खाक हो गई। पीड़ित किसान ने गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा सुनियोजित तरीके से आग लगाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आगजनी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिल्हमा निवासी रामकुमार आ. बाबू लाल बरगाह (29 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि इस वर्ष जनवरी माह में गांव के ही कुंज बिहारी सोनी का एक एकड खेत को अधिया में लेकर गेहूं फसल लगाया था। गेहूं फसल को पकने के बाद काटकर खेत में इकट्ठा कर के रखा था। गेहूं मिसाई करने के लिए थ्रेशर मशीन लेने गया था। उसी समय गांव का सुखाडी खान अपने गेहूं फसल को मिसाई करने के बाद बचा हुआ भुसा में आग लगा कर अपने घर में चला गया। सुखाडी खान द्वारा लगाए गए आग से गेहूं फसल में आग लग गई जिससे गेहूं फसल जलकर राख हो गई। इसके अलावा बगल के खेत में रामप्रसाद की दो एकड़ खेत की पकी गेहूं फसल में भी आग लगने से फसल जलकर राख हो गया और तुलसी उरांव का पुआल जलकर राख हो गया। फसल में आग लग जाने पर गांव के लोगों ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझी। ग्रामीणों के अनुसार आगजनी से लगभग 50 हजार का नुकसान बताया है। पीड़ित ग्रामीणों ने सुखाडी खान द्वारा सुनियोजित तरीके से नुकसान पहुंचाने उद्देश्य से आग लगाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने सुखाडी खान के विरूद्ध धारा 435 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बाइक सहित मोड़ पर गिरे सवार एक की मौत

**अम्बिकापुर।** शादी देखने जा रहे बाइक सवार मोड़ के समीप अनियंत्रित हो कर गए गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक बालक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम पकनी ठूठीझरियापारा निवासी बसंत आ. इंद्रलाल (12 वर्ष) बीती रात चचेरा भाई सुरेंद्र के साथ बाइक से परसापारा अवध के यहां शादी देखने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार पुलिस चौकी रेवटी क्षेत्र के ग्राम पारसापारा मोड़ के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को रेवटी अस्पताल उपचार कराने के पश्चात प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान बसंत की मौत हो गई जबकि सुरेन्द्र का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### लोकसभा निर्वाचनः डाक मतपत्रों से मतदान आज से

**बैकुण्ठपुर।** लोकसभा निर्वाचन के तहत निर्वाचन कार्यों से संबद्ध अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए शासकीय आदर्श रामानुज माध्यमिक उच्चतर विद्यालय बैकुंठपुर, सेंट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल रामपुर बैकुंठपुर तथा अनिवार्य सेवाए



पुलिस बल, नगर सैनिकों के लिए कलेक्टोरेट परिसर में डाक मतदान के लिए सुविधा केन्द्र बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण स्थल सेंट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल बैकुंठपुर में 28 एवं 29 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक एवं अनुपस्थित अनिवार्य सेवाए पुलिस बल, नगर सैनिकों के लिए कलेक्टोरेट परिसर में 2 से 4 मई तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक इसके अलावा मतदान सामग्री वितरण स्थल शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में 4 से 6 मई तक सुबह 9:30 से दोपहर 3 बजे तक डाक मतदान करने की व्यवस्था इन सुविधा केन्द्र में बनाई गई है। अनुपस्थित श्रेणी के तहत 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं तथा 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान दलों द्वारा रुट अनुसार संबंधित मतदाताओं के घर-घर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। मतदान अधिकारियों व वाहनों के लिए रूट प्लान भी तैयार की गई। कोरिया के लिए रुट क्रमांक 1 से 13 तक व सोनहत (आंशिक) के लिए रुट क्रमांक 1 से 4 तक 2 से 4 मई तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक मतदान दलों के अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदान कराई जाएगी। इस दौरान वीडियोग्राफी की जाएगी। दोनों रुट के लिए 17 वाहनों व सभी सुविधा मतदान केन्द्रों में वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है।

## निधन

### अजय चक्रधारी

**बैकुण्ठपुर।** शहर के रामपुर निवासी अजय चक्रधारी का इलाज के दौरान अल्पायु में शनिवार की सुबह 10 बजे निधन हो गया। वे करीब 37 वर्ष के थे। स्व.



चक्रधारी प्रमिला होण्डा के संचालक संदीप चक्रधारी के भाई एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा सुरेन्द्र चक्रधारी के छोटे पुत्र थे। इनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय गेज नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

## शॉर्टेज के कारण मिलर उठाव में नहीं ले रहे रूचि

# सहकारी समितियों में अभी भी 3.67 लाख क्विंटल धान शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रशासन की सख्ती के बावजूद अभी तक समितियों में संग्रहित धान का उठाव नहीं हो सका। विपणन संघ ने राइस मिलरों को पूर्व में ही उठाव आदेश जारी कर दिया है लेकिन धान के वजन में कम आने के कारण मिलर उठाव में रुचि नहीं ले रहें है।

**खास बात**

- समिति प्रबंधक नुकसान होने का हवाला देकर बना रहे दबाव

इस बार समितियों द्वारा धान की बंपर खरीदी करने के कारण संग्रहित धान का उठाव प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। प्रशासन द्वारा सख्ती करने के बावजूद मिलर उठाव में रूचि नहीं ले रहें है। पिछले पांच महीनों से खुले आसमान के नीचे पड़े होने के कारण अब धान के वजन में कमी आ रही है। कुछ दिनों पर्व प्रति बोरी 2-3 किलो तक शॉर्टेज आने के कारण राइस मिलर समिति प्रबंधकों पर सुखत धान की भरपाई करने बना रहे थे। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन एवं शासन के निर्देश का हवाला देकर समिति प्रबंधकों ने शॉर्टेज धान की भरपाई करने के इंकार किया तो मिलरों ने धान उठाव करना बंद किया। मिलरों का कहना है कि उन्हें शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार चावल जमा करना पड़ता है। ऐसे में वे प्रति ट्रक 4-5 क्विंटल धान के चावल की भरपाई कहां से करेंगे। सतिमि प्रबंधक भी समय से धान उठाव नहीं होने के कारण आए शॉर्टेज की भरपाई के दबाव से दुखी हैं। वे अपने बेहद कम वेतन का हवाला देकर परेशानी से बचने बैंक प्रबंधन से गुहार लगा रहे है। इधर प्रशासन ने भी मिलरों को शॉर्टेज की बात न कर तत्काल समितियों में संग्रहित धान का उठाव करने का निर्देश दिया है। राइस मिलरों एवं समिति प्रबंधकों की समस्या अपनी जगह जायज भी है लेकिन सबसे जरूरी संग्रहित धान का उठाव है। आए दिन मौसम में बदलाव होने एवं बेमौसम वर्षा होने से धान के खराब होने की संभावना है।



समिति में खुले आसमान के नीचे संग्रहित धान।

**समितियों में 3.67 लाख क्विंटल**

एकीकृत सरगुजा अंतर्गत सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया एवं एमसीबी जिला के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में अभी 3 लाख 67 हजार 612 क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे उठाव का इंतजार कर रहा है। बलरामपुर जिले की समितियों में अभी भी 1 लाख 97 हजार क्विंटल धान शेष बचा है। सरगुजा के दूरस्थ उपार्जन केन्द्रों में 28 हजार 556 क्विंटल एवं कोरिया के उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 42 हजार क्विंटल धान शेष बचा है। सरगुजा के 54 उपार्जन केन्द्रों में से मात्र 2 एव बलरामपुर के 49 उपार्जन केन्द्रों में से 1 में संग्रहित सम्पूर्ण धान का उठाव हो गया है जबकि शेष सभी केन्द्रों में कमोवेश धान शेष बचा है। संपूर्ण धान का उठाव नहीं होने के कारण धान का मिलान नहीं हो पा रहा है।

**जिले के मिलर कर रहे उठाव**

बलरामपुर जिले के उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान के उठाव के लिए विपणन संघ ने धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग, जांजगीर एवं सूरजपुर के मिलरों को डीओ जारी किया है। सरगुजा के उपार्जन केन्द्रों में जमा धान का उठाव स्थानीय मिलर कर रहे हैं। विपणन ने मिलरों को उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित सम्पूर्ण धान का उठाव करने के लिए डीओ जारी कर दिया है। अधिकारी हर हाल में अप्रैल के अंत तक संपूर्ण धान का उठाव पूरा कराने का दावा कर रहे हैं। इधर समितियों के कर्मचारी विभिन्न माध्यमों से संग्रहित धान के खराब होने का हवाला देकर तत्काल धान का उठाव करने का दबाव दे रहे है।

**लगातार चल रही पहल**

संपूर्ण धान के उठाव के लिए लगातार पहल की जा रही है। विपणन संघ ने मिलरों को डीओ जारी कर दिया है। मिलर धान का उठाव भी कर रहे हैं। विपणन संघ से अप्रैल के अंत तक संपूर्ण धान का उठाव करने का आश्वासन मिला है।

-सुनील वर्मा
सीईओ, को-ऑपरेटिव बैंक

## पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के बाद देर शाम शहर में हुई बूंदाबादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरूवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ी वहीं देर शाम आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बूंदाबादी हुई। मौसम विज्ञानी शुक्रवार को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पिछले दिनों सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद पिछले तीन दिनों से लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है तथा हर दिन तापमान 1 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ते हुए गुरूवार को 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। गुरूवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के बाद देर शाम आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही बूंदाबादी हुई। मौसम विज्ञानी रात में भी कहीं-कहीं गरज-चमक एवं हल्की वर्षा होने का अनुमान लगा रहे है। मौसम अधिकारियों के अनुसार पछुआ विक्षोभ का प्रभाव छत्तीसगढ़ पहुंच गया है। इसके साथ ही पश्चिम राजस्थान, उत्तरी असम के 1.5 किमी ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण, उत्तरी बांग्लादेश एवं पश्चिम बंगाल के पश्चिमी गांगेय क्षेत्र के 0.9 किमी ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पर्याप्त नमी पहुंच रही है जिससे विक्षोभ को ताकत मिल रही है। मौसम अधिकारी शुक्रवार को विक्षोभ के प्रभाव से कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को दोपहर तक चिलचिलाती धूप निकलने एवं दोपहर बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने का अनुमान लगा रहे हैं।

- दिन का तापमान पहुंचा 40 डिग्री, शुक्रवार को कहीं-कहीं वर्षा होने का अनुमान

### नियम विरूद्ध पदोन्नति को निरस्त करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता को ज्ञापन सौंप सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2 के पद पर की गई पदोन्नति को नियम विरूद्ध बता निरस्त करने की मांग की है। संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा वर्ष 2023 में सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2 पर पदोन्नति की गई है। पदोन्नति के लिए चयन व्यवसायिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा के माध्यम से वर्ष 2020 में किया गया था। विभाग के सेवा भर्ती नियम 21 सितम्बर 2011 के अनुसार सहायक ग्रेड-3 की पदोन्नति के लिए 6 वर्ष का अनुभव निर्धारित किया गया है जबकि कार्यालय द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से 5 वर्ष के अनुभव के आधार पर चार लोगों को सहायक ग्रेड 2 के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है।

# शादी मंडप के नाम पर पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर





हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

शादी विवाह तो वैसे हर मौसम में मुहूर्त के अनुसार होता है परंतु ठंड व बरसात की अपेक्षा गर्मियों के दिनों में शादी विवाह कार्यक्रम अधिक होते है। शहरी क्षेत्र में जहां लोग होटल व मैरिज लॉज में विवाह की रस्म पूरी करते है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी घर में ही मंडप सजाकर विवाह की रस्म पूरी की जाती है। परंपरा अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के लोग मंडप की व्यवस्था आसपास के जंगल से सरई पेड़ को काट कर करते है। आलम यह है कि अब शादी मंडप की आड़ में बड़ी संख्या में न सिर्फ लकड़ी तस्कर ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय हो गए है बल्कि हरे भरे जंगल से पेड़ों को काट नुकसान पहुंचाने में लगे है। हैरानी की बात यह है कि हर रोज जंगल से बड़ी संख्या में पेड़ों को काटा जा रहा है बावजूद इसके वन विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती जिससे अब जंगल ठूंठ में तब्दील होने लगे है। केतका सर्कल के पोड़ी जंगल में ग्रामीणों द्वारा अंधाधुंध पेड़ों की कटाई करने का मामला सामने आया है । ग्रामीणों की माने तो शादी विवाह के लिए अभी तक मंडप लगाने के नाम पर दूर दराज के लोग बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई कर चुके है। जैसे ही शादी का सीजन शुरू होता है वैसे ही लकड़ी तस्कर आसपास के जंगलों में सक्रिय हो जाते है। दूर दराज सहित आसपास के कई ग्राम पंचायत के लोग रात में जंगल पहुंचकर अनगिनत पेड़ों को काटकर मंडप लगाने के नाम से ले जाते है जिसका पूछ परख करने वाला कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं होता है। जबकि शासन हर वर्ष जंगल हरा भरा रहे इसके लिए लाखों रुपए खर्च कर पौध रोपण करते है। बावजूद इसके जंगलों की सुरक्षा करने वाले लोगो की उदासीनता रवैया के कारण हरे भरे पेड़ों को काट दिया जाता है। इस प्रकार की स्थिति किसी एक जंगल की नहीं बल्कि हर क्षेत्र की है जहां शादी सीजन शुरू होते ही शादी मंडप के नाम पर कटाई शुरू कर देते है। जंगल के पेड़ सुरक्षित रहे इसके मद्देनजर यदि वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी वैवाहिक सीजन शुरू होने से पूर्व सभी पंचायतों में बैठक कर ग्रामीणों को पेड़ नहीं काटने की आपसी सहमति बनाते है तो काफी हद तक जंगल के पेड़ सुरक्षित हो सकते है। इसके अलावा गांव गांव में वन समिति का गठन कर उन्हे निगरानी की जिम्मेदारी दी जाती तो जितनी संख्या में पेड़ों की कटाई होती है उस पर अंकुश लगाया जा सकता है। लेकिन विभाग व ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधियों से तालमेल नहीं होने के कारण जंगल में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई जारी है।

**मनमानी तरीके से काटते हैं पेड़**

निर्धारित मात्रा से अधिक पेड़ न काटे इसके लिए गांव में सूचना दे चुके है। लेकिन आसपास के गांव के लोग मनमानी तरीके से रात में आकर जंगल से मंडप के नाम से सैकड़ों पेड़ काट ले जा रहे है जो गलत है।

**-दरोगा सिंह,** सरपंच पति

**की जाएगी कार्रवाई**

सभी पंचायत के सरपंचों को जंगल से पेड़ नहीं काटने के संबंध में अवगत कराया गया है। इसके बाद भी लोग नहीं मान रहे है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। पेड़ काटने की सूचना मिलता है तो मैं तत्काल मौके पर पहुंच कर कार्रवाई करूंगा।

**-डीके सिंह,** वनपाल केतका

**लगाई जाएगी ड्यूटी**

जंगल से बिना अनुमति पेड़ काट रहे है तो सुबह शाम चार चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर निगरानी कराई जाएगी। इस बीच जो भी पेड़ काटते पकड़े जाएंगे उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-उमेश कुमार वस्त्रकार** रेंजर सूरजपुर

# तीन लाख रुपए नहीं देने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को छोड़ा मायके

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पति ने पहले पड़ोसी लड़की को पत्नी बनाया फिर परिजन के साथ पहली पत्नी से जमीन रजिस्ट्री करने या तीन लाख रुपए की मांग की। जब पहली पत्नी ने दोनो शर्त पूरा नहीं कर सकी तो पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को उसके मायके छोड़ चले गए। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम आमादरहा निवासी श्रीमती बसंती अगरिया (23 वर्ष) ने दरिमा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका विवाह सामाजिक रीति रिवाज के साथ शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम जोकापाठ निवासी छोटेलाल आ. बंधन अगरिया के साथ पिछले वर्ष 26 फरवरी को हुआ था। शादी के बाद दोनों आमादरहा में ही रहते थे। 26 मार्च 24 की रात पति घर नहीं आया जिस पर पत्नी को शंका हुआ की लड़की को लेकर भाग गया है। सुबह पता चला कि छोटे लाल ने जोकापाट में पड़ोस में रहने वाली रीता नाग आ. स्व. गणेश नाग को भगा कर कहीं ले गया है और उसे पत्नी बनाकर रखा है। इसी बीच 31 मार्च को पति छोटे लाल, ससुर बंधन अगरिया, चाचा ससुर मिलू अगरिया उसके घर आए और जमीन रजिस्ट्री करने या तीन लाख रूपए देने पर ही उसे रखने की बात कही। दोनो ही शर्त मायके पक्ष के द्वारा पूरा नहीं किया गया तो ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को उसके मायके छोड़ कर चले गए। गत दिन विवाहिता ने घटना की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध 498 ए, 494, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## दतिमा में कोयला लोड ट्रेलर का कपलिंक खुला,गंभीर हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दतिमा के पास शुक्रवार को कोयला लोड लेकर जा रही ट्रेलर का कपलिंग खुल जाने से गंभीर हादसा होते रह गया।बताया गया कि महान थ्री से कोयला लोड कर करंजी साइडिंग आ रही ट्रेलर का दतिमा चौक के पास हॉर्स व डाला को जोड़ने में काम आने वाला यंत्र ज्वाइंट कपलिंग अचानक खुल गया जिससे ट्राला अनियंत्रित होकर दुकान में घुसते- घुसते बची।बता दें कि अभी पखवाड़े भर पहले इसी चौक में कोयला लोड ट्राला की चपेट में आने से सैलून में अपने बच्चे का बाल कटाकर निकल रहे ग्रामीण को ट्राला ने अपनी चपेट में ले लिया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।बताया जाता है कि महान थ्री से करंजी साइडिंग तक कोयला परिवहन का कार्य चल रहा है जिसमें ट्रेलर चालकों द्वारा ज्यादा संख्या में ट्रीप लगाने के चक्कर में तेज गति से वाहन चलाते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है ।

### कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर हादसे में सेवानिवृत्त स्वास्थ्यकर्मी गंभीर

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर शुक्रवार दोपहर एक कार चालक ने सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी को जबरदस्त टक्कर मार दी है।दुर्घटना में सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी को गंभीर चोट आने पर प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर निवासी सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी 64 वर्षीय नरेश राम गुप्ता शुक्रवार की दोपहर अपनी होंडा सीडी 100 बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 9795 में सूरजपुर से अपने घर वापस लौट रहे थे। तभी एनएच क्रमांक 43 पर स्थित तुलसी पेट्रोल पंप से तेल डलवाकर निकल रहे कार क्रमांक सीजी 29 एई 4793 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी के बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दिया।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110

## पेज 1 का शेष

### डबल इंजन की ...

राजेश सिंह, कमलेश यादव, देवेन्द्र तिवारी, विमलकांत गुप्ता, श्रीमती वंदना राजवाडे, श्रीमती सुनीता कुर्रे, श्रीमती चुन्नी पैकरा, श्रीमती रमावती राजवाड़े, जनपद पंचायत बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, प्रधान रजक, कपिल जायसवाल, गोपाल राजवाडे, अरूण जायसवाल, कुबेर साहू, सरपंच श्रीमती गायत्री सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। **कांग्रेस पर वादा खिलाफी का आरोप-** कोरिया जिले के पटना के गायत्री मंदिर के पास स्थित स्टेडियम में आमसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर जुबानी हमला करते हुए बोला कि वर्ष 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने बड़ी-बड़ी घोषणा की थी, लेकिन एक भी घोषणा पूरा नहीं की। श्री साय ने कहा कि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में सबक सिखाना है। मुख्यमंत्री विष्णु साय ने कांग्रेस पर तीखे हमले करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में विकास तो नहीं हुआ, लेकिन प्रदेश को अपराध का गढ़ बना दिया। प्रदेश में कोयला, बालू, दारू में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। कोरबा में डीएमएफ में भ्रष्टाचार के कारण एक आईएएस जेल में चक्की पिस रहे हैं। पूर्व सीएम को लेकर भी कहा कि उनके उपर भी एफआईआर दर्ज हो गई है।

### वोट देना आपका ...

कार्यक्रम के दौरान संस्था की सह संचालक संजू सोनी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संस्था द्वारा गांव-गांव में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा बुंदेली गांव में जागरूकता रैली के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई है। हमें पूरा विश्वास है कि इस बार मतदान का प्रतिशत अवश्य बढ़ेगा। इस अवसर पर बुंदेली हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अयूब लाल के द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी लें। इसमें उनकी सक्रिय भागीदारी हो साथ ही साथ प्रधान पाठक बृजेश शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा गया कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। मतदान करना हम सब का फर्ज है। आपका वोट आपकी ताकत दोनों देश की ताकत बने, इसके लिए मतदान करने आवश्यक है। इस अवसर पर आदर्श ग्रुप आफ एजुकेशन से संजय कुमार मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि वे मतदान करेंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। छात्र-छात्राओं ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के साथ नारे लगाए, इसमे सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो। मतदान करना हम सब का फर्ज है, आपका वोट आपकी ताकत है प्रमुख रहे। इस अवसर पर संस्था के संजय कुमार मिश्रा, सोहन यादव, संजू सोनी, नंदिनी, अमृता, सविता, वर्षा सोनी, ललित, अमरावती, वंदना सिंह, प्रमिला, प्रतिमा, कविता, पूजा सिंह, फूलमती, अंजलि, आरती, चांदनी, अंजलि, प्रेमवती, रूकमणी, रामेश्वरी, जयमति, सरिता, संध्या, प्रतिभा, प्रभा के साथ विद्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411